हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 4 जनवरी 2026

04 वाहनों की संख्या बढी, लेकिन ट्रैफिक पुलिस के...




08 ठंड में पाला पड़ने की संभावना हो तो शाम या रात...





### शीतलहर ने कंपकपाया सामान्य से 5.4 डिग्री कम रहा नर्मदापुरम में दिन का पारा

# सर्दी का थर्ड डिग्री: दिन के पारे में 9.2 डिग्री की गिरावट, दिन रहा कोल्ड डे, रात भी ठंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

उत्तर की सर्द हवा और शीतलहर ने शनिवार को जिलेवासियों को कंपकपा दिया। हाड़कंपाने वाली ठंड से दिन के तापमान में 9.2 डिग्री गिरावट दर्ज हुई और दिन कोल्ड डे रहा।

उत्तर की सर्द हवा ने एक बार फिर प्रदेश सहित नर्मदापुरम को ठिठुरा दिया है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता से शनिवार का दिन कोल्ड डे रहा। अधिकतम तापमान में 9.2 डिग्री की गिरावट के कारण सर्दी का थर्ड डिग्री देखने को मिला। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 5.4 डिग्री कम दर्ज हुआ। दिनभर चली शीतलहर सर्दी बढ़ाई। जिसके कारण तापमान में तेजी से गिरावट आई है। भले ही सर्दी के मामले में नए साल की शुरुआत कुछ हद तक राहत लेकर आई थी , लेकिन जिले में एक बार फिर सर्दी का जोर बढ़ गया। शनिवार से मौसम का मिजाज ऐसा बदला लोगों का जीना-मुहाल हो गया। कड़ाके की ठंड और साथ ठंडी हवा के थपेड़ो ने नर्मदापुरम वासियों को कंपकपा दिया। शुक्रवार की अपेक्षा शनिवार को रात के पारे में 2 डिग्री गिरावट आईं।

शनिवार को अधिकतम तापमान 19.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव का कहना है कि उत्तरी हवाओं के कारण मौसम में परिवर्तन हुआ है। शनिवार को नर्मदापुरम में दिन कोल्ड डे रहा। आगामी दिनों में दिन के तापमान में बढ़त और रात में गिरावट होगी। वहीं घना कोहरा रह सकता है।



### आग बनी सहारा, मफलर टोपे में नजर आए

शीतलहर का दौर शनिवार को सुबह से देखने को मिला। अलसुबह से शाम तक सूरज की तेज चमक नहीं दिखके कारण सर्दी पूरे शबाव पर रही। ऐसे में अलाव सामने लोग बैठे नजर आए। वहीं वाहनों और पैदल चलने वाले राहगीर मफलर और टोपे में नजर आए। ठंड के कारण लोग घरों में कैद रहे। जरूरी काम से ही बाहर निकले।



### ठंड पर भारी रही आस्था

शनिवार को माघ पूर्णिमा थीं। ऐसे में शीतलहर के साथ पड़ रही तेज सर्दी भी भक्तों की आस्था डिगा नहीं पाई। श्रद्धालुओं थर्ड डिग्री की ठंड में भी आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान सेठानी घाट पर कड़ाके की ठंड और तेज हवाओं के बीच भी आस्था हारी नहीं। शनिवार को माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नर्मदा नदी के सेठानी घाट पर पवित्र डुबकी लगाई। ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 5 बजे से स्नान का सिलसिला शुरू हो गया, जो की पूजन और पाठ के साथ जारी है। शहर के सभी घाटों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इस विशेष दिन पर सत्यनारायण भगवान की कथा सुनकर दान-पुण्य कर भक्त जीवन में शुभ फल अर्जित करते रहे।



### शीत लहर के दौरान होगी समस्या, नागरिक बरते सावधानियां

दिसंबर एवं जनवरी के दौरान शीतलहर का प्रकोप प्रायः देखने को मिलता है। इस अवधि में कई क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 5–7 डिग्री सेल्सियस अथवा उससे कम दर्ज किया जाता है, जिससे जन-मानस के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। अत्यधिक ठंड के कारण हाइपोथर्मिया, फ्रॉस्टबाइट जैसी शीतजनित बीमारियाँ तथा विषम परिस्थितियों में मृत्यु की संभावना भी हो सकती है। शीतलहर के दौरान विशेष रूप से 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे, हृदय एवं श्वसन रोग से पीड़ित व्यक्ति, बेघर लोग, खुले स्थानों व निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिक, सड़क किनारे रहने वाले व्यक्ति एवं छोटे व्यवसायी अत्यधिक संवेदनशील होते हैं।

#### शीतलहर क्या है

शीतलहर एक मौसम संबंधी घटना है जिसमें न्यूनतम तापमान में अचानक गिरावट आती है, ठंडी हवाएँ चलती हैं तथा पाला या बर्फ जमने जैसी स्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। नागरिक अद्यतन मौसम पूर्वानुमान एवं शीतलहर संबंधी चेतावनी वेबसाइट्स से प्राप्त कर सकते हैं।

#### पचमढ़ी में रात रही सर्द

नए साल की शुरूआत से ही पचमढ़ी की रातें ठंडी दर्ज हो रही है। शुक्रवार-शनिवार की रात भी यहां न्यूनतम पारा 5.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं अधिकतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम में हो रहे बदलाव का सीधा असर लोगों की सेहत से जुड़ा है।

#### नर्मदापुरम में ऐसा ही रहेगा मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे ठंड का असर और तीखा हो जाएगा। वहीं दिन का तापमान दो से तीन डिग्री बढ़ेगा।

#### शीतलहर के दौरान क्या करें

स्थानीय रेडियो, टीवी एवं समाचार पत्रों के माध्यम से मौसम की जानकारी नियमित रूप से लेते रहें। पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहनें तथा कई परतों में वस्त्र धारण करें। सिर, गर्दन, हाथ एवं पैरों को अच्छी तरह ढकें; टोपी, मफलर एवं मोजे का प्रयोग करें। वॉटरप्रूफ जूतों का उपयोग करें। गर्म एवं तरल पेय पदार्थ (चाय, सूप आदि) लेते रहें तथा संतुलित आहार व विटामिन-सी युक्त फल-सब्जियों का सेवन करें। ठंडी हवा से बचें, यथासंभव घर के अंदर रहें एवं अनावश्यक यात्रा से बचें। बच्चों, बुजुर्गों, अकेले रहने वाले एवं असहाय व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। आवश्यक दवाइयों, ईंधन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का पूर्व भंडारण रखें। ठंड से प्रभावित होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें और निकटस्थ अस्पताल से संपर्क करें।

#### शीतलहर के दौरान क्या 'न' करें

अत्यधिक ठंड में खुले स्थानों पर अनावश्यक समय तक न रहें। गीले कपड़े पहनकर न रहें, तुरंत सूखे कपड़े पहनें। हाइपोथर्मिया से पीड़ित व्यक्ति को मादक पेय पदार्थ न दें। गंभीर ठंड के लक्षणों को नज़रअंदाज़ न करें। हाइपोथर्मिया एवं फ्रॉस्टबाइट के लक्षण तेज कंपकंपी, अत्यधिक थकान, भ्रम की स्थिति, बोलने में कठिनाई, नींद आना। हाथ-पैर की उंगलियों, कानों या नाक में सुन्नता, सफेद या पीला पड़ना। शिशुओं में ठंडी, लाल त्वचा एवं ऊर्जा की कमी। हाइपोथर्मिया एक चिकित्सकीय आपात स्थिति है। ऐसे में व्यक्ति को तुरंत गर्म स्थान पर ले जाकर सूखे कंबल से ढकें और शीघ्र अस्पताल पहुँचाएँ।

## इंदौर की घटना से सीख,वर्षों पुराने पाइपों को होगा सर्वे

### काम में लापरवाही, होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शुमार इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में गंदे और दूषित पानी पीने से हुई मौतों की घटना सिर्फ इंदौर तक सीमित नहीं है, बल्कि नर्मदापुरम के हालात भी कम चिंताजनक नहीं है। शहर में वर्षों पुरानी पीने की पाइप लाइन अभी भी उपयोग में ली जा रही है। अगर लीकेज हुआ तो प्रदूषित जल लोगों के घर अवश्य पहुंचेगा। नर्मदापुरम में भले ही जिंदगी का संकट नहीं हुआ हो, लेकिन पेयजल आपूर्ति में लापरवाही के लीकेज गंदगी घोल सकता है। शनिवार को पेयजल शाखा और सीएमओ फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करने पहुंची। साथ ही लीकेज पाइप लाइन 24 घंटे में ठीक करने के निर्देश दिए।

#### 30 साल पुरानी पाइप लाइन का होगा सर्वे

जहां-जहां से गंदे पानी की शिकायत आ रही थी वहां की समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही शिकायत के आधार पर नगर के वार्डों में पुरानी पाइप लाइनें भी बदली जा रही है। चेम्बर्स की सफाई कराई जा रही है। नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिले इसके लिए नगरपालिका की टीम सक्रियता से कार्य कर रही है।

#### सीएमओ ने किया दौरा

जल प्रदाय शाखा प्रभारी उपयंत्री अंबक पाराशर ने बताया कि शनिवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया गया और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने रसूलिया में डाली जा रही पाइप लाइन का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। साथ ही जहां पर भी टंकियों से पानी सप्लाई हो रही वहां सुदृढ़ व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं।

#### शिकायत का 24 घंटे के अंदर करें निराकरण

उन्होंने ने बताया कि सीएमओ द्वारा नगर के किसी भी वार्ड से पानी लीकेज और गंदे पानी की शिकायत आती है तो उसका 24 घंटे के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान हो सके। साथ ही स्थानीय जलप्रदाय शाखा के कर्मचारियों को पेयजल संबंधी समस्या का निराकरण कर कार्यालय में सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### पाइप लाइन बदली

उपयंत्री पाराशर ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी के निर्देश पर ग्वालटोली वार्ड 31 में, प्रताप नगर रसूलिया में पाइप लाइन बदली गई है। साथ ही आर्दश नगर वार्ड 13 में पाइप लाइन बदलने का कार्य प्रगतिरत है।

#### सर्वे करने के निर्देश

मुख्य नगरपालिका अधिकारी हमेश्वरी पटले ने स्थानीय जल शाखा प्रदाय के अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित कर 30 वर्ष से अधिक पुरानी पेयजल सप्लाई का सर्वे करने के निर्देश दिए गए। साथ ही समस्त जल प्रदाय शाखा के समस्त कर्मचारी अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्य में कोई जो भी लापरवाही बरतेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## बिगड़ती कानून व्यवस्था व अपराध से चिंतित कांग्रेस ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

विगत कुछ दिनों से क्षेत्र में अपराध में लगातार बढ़ोतरी हो रही है पिछले माह हुई चार हत्याओ से क्षेत्रमें भय व्याप्त है। शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस के नव नियुक्त अध्यक्ष हेमंत यादव मोनू पटेल ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पुष्पराज पटेल, हाकम सिंह गुर्जर, कुलदीप मिश्रा, रामबाबू अग्रवाल की उपस्थिती और मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में क्षेत्र में बढ़ते अपराध से आम जनता में रोष एवं भय व्याप्त है क्षेत्र में अवैध रेत उत्खननन परिवहन गांव गांव मैं अवैध शराब बिक्री जुआफड़ चल रहे हैं। इस अवसर पर रत्नेश बडगूजर मोहन सोनी सुमित जायसवाल अमित चौरे हरिशंकर चौधरी राधेश्याम पटेल मुकेश चौहान सहित कांग्रेसी मौजूद रहे।

## ग्राम निमसाड़िया में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेसियों से हुए रूबरू, सौंपे उत्तरदायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कांग्रेस प्रदेशध्यक्ष जीतू पटवारी शनिवार को जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान जासलपुर टोल नाके पर जिले के कांग्रेसियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सीधे ग्राम पंचायत निमसाडिया पहुंचे और वहां किसान हित में आमजनों से चर्चा की। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर कांग्रेस समिति का गठन हुआ, ग्राम पंचायत निमसाड़िया में समिति का गठन कर जीतू पटवारी ने ग्राम पंचायत स्तर पर सभी नियुक्त सदस्यों को कहा कि पार्टी हित में सक्रिय भूमिका निभाकर आमजन को जोड़ने का प्रयास करें और अपने-अपने उत्तरदायित्व का लाभ आम जनता को कराएं। इस अवसर पर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष अनुराग मलैया ने कहा कि जो उत्तरदायित्व सौंपा गया है उसका आमजन के लोगों के प्रति कांग्रेस पार्टी के हित में समर्पित रहूंगा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्र गोपाल मलैया ने प्रदेश कांग्रेज अध्यक्ष का शाल, श्रीफल सप्रेम भेंट कर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में आसपास ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासी के द्वारा बढ़ चढ़कर सहभागिता दी। सभी नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत स्तर पर गठित समिति का भी स्वागत किया गया ग्राम पंचायत स्तर पर जो समिति गठित की गई और इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुड्डन पांडे, मानक अग्रवाल , राम मोहन मलैया, पूर्व जिपं अध्यक्ष शीला यादव, राधेश्याम पटेल,रवि जायसवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

## निशुल्क नेत्र शिविर में देखेंगे विशेषज्ञ चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्व. विदेश फौजदार की द्वितीय पुण्य तिथि के अवसर पर रविवार को विशाल निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नेत्र परीक्षण, दंत परीक्षण, शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन, ईसीजी, पेट संबंधी जांच सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए जाएंगे। साथ ही रोगों की पहचान कर उचित परामर्श भी दिया जाएगा। गंभीर मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे। शिविर में डॉ. आरती मीणा (स्त्रीरोग विशेषज्ञ), डॉ. सचिन वर्मा (त्वचा एवं चर्मरोग विशेषज्ञ), डॉ. रोहित पचौरी (जनरल फिजीशियन), नेत्र विशेषज्ञ एवं अन्य अनुभवी चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके अतिरिक्त जॉइंट फिजियोथेरेपी की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। यह शिविर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, भोपाल के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शिविर स्थल बालाजी पॉलीक्लिनिक एवं ई-केयर एंड डायग्नोस्टिक सेंटर, आईडीएफसी बैंक के पास, मीनाक्षी रोड, नर्मदापुरम रहेगा। क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पहुंचने को कहा है।

## 2 आरोपी को जिला बदर किये जाने के दिए आदेश

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नर्मदापुरम सोनिया मीना द्वारा जिले में शांति, कानून-व्यवस्था एवं सार्वजनिक सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1950 के तहत सख्त कार्रवाई की गई है। उक्त अधिनियम के अंतर्गत कुल 02 प्रकरणों में आदेश पारित किए गए हैं। उक्त आदेशानुसार 02 प्रकरण में आरोपियों को 01 वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। जारी आदेशानुसार शिवा उर्फ डान उर्फ अनूप मेषकर आ.रामचरण मेषकर 32 वर्ष निवासी कुचबंदिया मोहल्ला, बालागंज नर्मदापुरम को 01 वर्ष की अवधि हेतु जिला बदर किया गया है। इसी प्रकार अजय नरवरिया उर्फ नागिन आ.शंकरलाल' नरवरिया,उम्र 26 वर्ष निवासी राधाकृष्ण मंदिर के पास, आदमगढ, नर्मदापुरम को भी 01 वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है।

## जीवन नश्वर है सार्थकता केवल शिव भक्ति में निहित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्री राम मंदिर ग्राम दतवासा तहसील डोलरिया में चल रही श्री शिव पुराण कथा के तृतीय दिवस में डॉ.पुष्कर परसाई जी ने कहा कि ज्ञानी की तुलना में भक्त को भगवत प्राप्ति सरल है क्यूंकि भगवान साधन साध्य नहीं कृपा साध्य हैं।

जो मनुष्य शिव भक्ति में स्वयं को अर्पित कर देता है। वह जन्म मरण के बंधनों से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन नश्वर है। जीवन की सार्थकता तो शिव की भक्ति में ही निहित है। कलयुग में शिव महापुराण की कथा ही सबसे आसान मुक्ति का साधन है, जो शिव की कथा श्रवण करता है उसके सात जन्मों के पाप भी कट जाते हैं।

उन्होंने महादेव की भक्ति और उन्हें प्रसन्न करने के उपाय भी बताएं। कथा के दौरान कहा कि भक्त की भक्ति से जल्द प्रसन्न होने वाले देवताओं में शिव ही है और शिव ही कल्याण करते हैं। शिव की भक्ति कर इस संसार रूपी भवसागर को पार कर अपने जीवन को सार्थक बनाएं।

### कमिश्नर ने किया जपं कार्यालय बनखेड़ी का दौरा

## जनपद की स्थापना शाखा को दो भांगों में बांटने के दिए आयुक्त ने निर्देश, स्थाई-आउटसोर्स करे अलग-अलग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी शनिवार को आकस्मिक जनपद पंचायत कार्यालय बनखेड़ी का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान कमिश्नर ने कर्मचारियों के मध्य किए गए कार्य विभाजन आदेश को देखा और जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीना कुमारिया को निर्देश दिए कि वह स्थापना शाखा को दो भागों में बांटते हुए कार्य विभाजन आदेश जारी करें। कमिश्नर ने कहा की स्थापना शाखा वन में विकासखंड जनपद पंचायत के सचिव एवं स्थाई कार्य रहे, स्थापना शाखा दो में मनरेगा और अन्य योजना अंतर्गत तथा आउटसोर्स वाले कर्मचारियों के कार्य रहे। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि जनपद पंचायत का नया भवन बनाने की स्वीकृति शासन स्तर से प्राप्त हो गई है, इसके लिए जमीन भी आवंटित है। निर्माण कार्य के लिए टेंडर भी जारी हो चुके हैं लेकिन भूमि पर अतिक्रमण है।



कमिश्नर ने तहसीलदार अंजू सिंह लोधी को निर्देश दिए की वो प्राथमिकता से जनपद पंचायत को आवंटित जमीन से अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के पश्चात जनपद पंचायत के भवन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाए।

#### कार्ययोजनाओं की समीक्षा

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने 15वें वित की राशि, जनपद निधि, ब्याज की राशि, जनपद पंचायत में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन, स्टाम्प शुल्क, अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क अनुदान, जन्म मृत्यु मद में जमा राशि, विधायक स्वेच्छा अनुदान, आदिम जाति कल्याण विभाग के निर्माण कार्यों की राशि, आदिवासी कल्याण के अंतर्गत हितग्राही मुलक योजनाओं में प्राप्त एवं खर्च राशि, मुख्यमंत्री कन्यादान, सांसद निधि, दीनदयाल अंत्योदय मद में प्राप्त राशि, सरपंच पंच प्रशिक्षण, सामान्य प्रयोजन में प्राप्त राशि की समीक्षा की, साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत राजमिस्त्री को दिए जाने वाली राशि, सचिवों के अंशदान कटोत्रा की राशि, सामुदायिक भवन निर्माण की राशि का अवलोकन किया। कमिश्नर ने भंडार पंजी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भंडार पंजी बेहतर तरीके से संधारित की जा रही है उन्होंने प्रतिवर्ष भंडार पंजी का सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित ऑडिट कंडिकाओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।

## मां नर्मदा के गनेरा घाट पर आयोजित हुई महाआरती



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माघ पूर्णिमा पर शनिवार को नर्मदा तटों पर भक्ति की बयार बही। जगह-जगह पूजन पाठ और भंडारों का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम गनेरा नर्मदा तट चौकाघाट पर महेश खण्डेलवाल द्वारा आयोजित भंडारे में महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 केशव दास महाराज एवं विधायक विजयपाल सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में महा आरती का आयोजन किया गया। नर्मदा परिक्रमा पूर्ण होने पर इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें अनेक लोगों ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की।

## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित होकर बाइक गिरी, दो की मौत

**बैतूल।** सारणी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। पिपरी गांव के दो दोस्तो की ओवर स्पीडिंग के कारण बाइक अनियंत्रित होने से मौत हो गई। घटना धंसेड विक्रमपुर घोघरी के पास हुई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए हैं। मृतकों की पहचान पिपरी निवासी शुभम पिता कानूलाल (22) और श्याम पिता अशोक गंजाम (18) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि दोनों एक ही बाइक से किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान विक्रमपुर घोघरी के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना भीषण था कि शुभम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, श्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल घोड़ाडोंगरी अस्पताल ले जाया गया। घोड़ाडोंगरी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद श्याम की हालत नाजुक होने पर उसे बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। हालांकि, जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही श्याम ने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। फिलहाल हादसे के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। मृतक श्याम का पोस्टमॉर्टम शनिवार को परिजनों की उपस्थिति में बैतूल जिला चिकित्सालय में कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। दूसरे मृतक शुभम का पोस्टमॉर्टम घोड़ाडोंगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया है। रानीपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमरे के मुताबिक, घटना सारणी थाना क्षेत्र में हुई है, लेकिन मृतक रानीपुर क्षेत्र के निवासी थे।

### सावित्री बाई फुले जयंती धूमधाम से मनाई



**आमला।** बस स्टैंड आमला में शनिवार को सावित्री बाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मंचासीन ने सावित्री बाई फुले के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने अनेक सामाजिक बहिष्कार और कठिनाइयों को सहन करते हुए बालिकाओं की शिक्षा को अनिवार्य माना और उनके लिए विद्यालय की स्थापना की। उस समय समाज द्वारा उन्हें अनेक प्रकार की बाधाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन वे अपने दृढ़ निश्चय से कभी पीछे नहीं हटीं। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनोज मालवे ने कहा कि आजादी से पहले भारत में महिलाओं के साथ भेदभाव था और उनकी स्थिति दयनीय थी। बचपन में सावित्रीबाई फुले को स्कूल जाने से रोका गया था।

## 22 कर्मचारियों के भरोसे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था, कहीं भी लग रहे जाम

# वाहनों की संख्या बढी, लेकिन ट्रैफिक पुलिस के रिक्त पदों पर नहीं हुई पूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




शहर की आबादी के साथ-साथ वाहनों की संख्या भी बढ़ी है। लेकिन सुविधाओं में इजाफा नहीं हुआ है। यहां तक की यातायात विभाग में पुलिस कर्मियों की संख्या भी स्वीकृत बल से एक तिहाई ही है। ऐसे में जो मौजूदा यातायात पुलिस कर्मी है, उन्हीं के कंधों पर पूरे शहर की ट्रॉफिक व्यवस्था की जिम्मेदारी टिकी हुई है। यहीं वजह है कि यदि कहीं जाम लग जाये तो, पर्याप्त यातायात बल नहीं होने के कारण ट्रैफिक व्यवस्था नहीं संभल पाती है। यातायात कर्मियों को प्रतिदिन चौक चौराहों पर ट्रैफिक व्यवस्था बनाने के लिए खड़ा रहना पड़ता है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी करनी पड़ती है। चालानी कार्रवाई के लिए भी प्रधान आरक्षक सहित चार-पांच आरक्षकों की जरूरत पड़ती है। पुलिस चालानी कार्रवाई में व्यस्त रहती है, तो इधर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाती है। ऐसे में यातायात विभाग के अधिकारियों और कर्मियों के लिए ट्रैफिक व्यवस्था बनाना एक बड़ी चुनौती बन जाती है।

### अब अखरने लगी पार्किंग प्वॉइंट की कमी ...........

शहर के साप्ताहिक बाजार में एक भी स्थान ऐसा नहीं है जहां वाहन खड़े किए जा सकें। अभी तक शहर को पार्किंग प्वाइंट की जरूरत नहीं पड़ी थी, पर अब वाहनों के बढने के कारण पार्किंग नहीं होने से बाजार में समस्या बन रही है। सडक के दोनों तरफ दुकाने और वाहनों पर बैठकर ही खरीदी करने वाले लोगों की वजह से सडक सिकुडकर कम चौड़ी रह जाती है। ऐसे में यदि कोई भारी वाहन इस सडक पर आ जाये तो अन्य वाहन का निकल पाना मुश्किल हो जाता है। परिणाम लंबा-चौड़ा जाम लगने से लोगों को परेशानियां उठानी पड़ती है। बता दे कि कोठीबाजार सडक काफी व्यस्त सडको में शामिल है। इस सडक पर दिन भर वाहनों आवाजाही लगी रहती है। ऐसे में वाहनो की अघोषित पार्किंग के कारण काफी समस्या का सामना करना पड़ता है।

### व्यवस्था संभालने वाले ही नहीं

यातायात व्यवस्था संभालने के लिए सबसे अहम कड़ी आरक्षक होते है। यहां आलम यह है कि थाने की हालत बिना आरक्षक जैसी ही है। कहने को तो यहां आरक्षकों के 40 पद स्वीकृत है, लेकिन वर्तमान में 7 ही आरक्षक पदस्थ है। यहीं हाल अधिकारियों के पद को लेकर भी है। थाना प्रभारी का पद स्वीकृत है, किन्तु यातायात थाने को शायद ही कभी निरीक्षक मिला है। अधिकांश समय उपनिरीक्षक या सूबेदार ही यातायात की कमान संभालते आए है। वर्तमान में भी थाना प्रभारी सूबेदार ही है। उपनिरीक्षकों के 3 पदा स्वीकृत है, लेकिन महज 1 पदस्थ है। सहायक उप निरीक्षक के 8 पद स्वीकृत है जिसमें 5 पदस्थ है। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बिगडने का एक कारण यह भी है कि लोग ट्रॉफिक नियमों को फालों नहीं करते। वाहन चालक मनमर्जी से वाहन सडक और सडक किनारे खड़ा कर देते है। जिससे सडके संकरी हो जाती है और बार-बार जाम लगता है। इसके अलावा साप्ताहिक बाजार के दिन कोठीबाजार क्षेत्र में वाहन चालक 20-20 मिनट से ज्यादा समय ट्रॉफिक जाम में उलझकर रह जाते है। खासकर लल्ली चौक, कमानी गेट पर यह हालात प्रति रविवार और गुरूवार को निर्मित होते है। गंज, टांगा चौक, कॉलेज चौक, बस स्टैंड, मुल्ला पेट्रोल पंप सहित सदर के साप्ताहिक बाजार का भी यहीं हाल रहता है। बडोरा ओवरब्रिज पर अधिकतर समय जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। यहां ट्रैफिक कर्मियों को यातायात सुचारू करने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। सबसे ज्यादा परेशानी यातायात पुलिसकर्मियों की कमी के कारण होती है।

### 61 पद स्वीकृत, मात्र 22 मौजूद

यातायात विभाग बैतूल में निरीक्षक, सूबेदार, उपनिरीक्षक सहित कुल 61 पद स्वीकृत है, जिसमें से वर्तमान समय यातायात विभाग में मात्र 22 अधिकारी सहित पुलिस कर्मी मौजूद है। इसमें से भी लगभग 4 ऑफिस कार्य के लिए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यातायात विभाग बैतूल में निरीक्षक 1, सूबेदार 2, उप निरीक्षक 3, सहायक उपनिरीक्षक 8, प्रधान आरक्षक 7 और 40 आरक्षक के पद स्वीकृत है। लेकिन मौजूदा समय मात्र 1 सूबेदार, उपनिरीक्षक 1, सहायक उपनिरीक्षक 4, प्रधान आरक्षक 5, आरक्षक 8 और 2 महिला आरक्षक और 1 चालक है, इस प्रकार कुल मिलाकर यातायात विभाग में अभी 22 अधिकारी-पुलिस कर्मी तैनात है।

### ट्रैफिक व्यवस्था के साथ-साथ अन्य जिम्मेदारियां भी

यातायात पुलिस पर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बनाये रखने के अलावा यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना, स्कूलों में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देना और ट्रॉफिक पुलिस नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना सहित अन्य जिम्मेदारियां है। समय-समय पर एडवाइजरी जारी कर नियमों की सूचना आमजन तक पहुंचाने की कोशिश की जाती है। वीवीआइपी मूवमेंट के दौरान भी यातायात पुलिस को तैनात किया जाता है। लेकिन इन सब एक्टीविटी के अनुरूप बल मौजूद नहीं है। फिर भी यातायात पुलिस सीमित संसाधनों के जरिए अधिकतम नतीजे प्राप्त करने का प्रयास करती है, ताकि लोगों को परेशानियां न हो।

**कम बल पर काम ज्यादा...**

यह सही है कि यातायात पुलिस में बल की कमी है। फिर भी हम सीमित संसाधनों के द्वारा अधिकतम नतीजे प्राप्त करने का प्रयास करते है, ताकि आमजनता और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

**गजेन्द्र केन,** यातायात प्रभारी, बैतूल

## सारनी अग्निशमन विभाग ने किया आयोजन

# स्कूली बच्चों को आग और कैलोरी गैस बचने के लिए किया प्रशिक्षित



**सारनी।** आपदा प्रबंधन के अनुपालन में सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी द्वारा प्राथमिक अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण एवं क्लोरीन गैस से बचाव के संबंध में एक सेफ्टी इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम केंद्रीय विद्यालय सारनी में अध्यनरत छात्र-छात्राओं एवं कार्यरत समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आग लगने की स्थिति में अपनाई जाने वाली प्राथमिक अग्निशमन सुरक्षा विधियों की जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि आग की घटना होने पर घबराने के बजाय संयम बनाए रखते हुए तत्काल सूचना देना आवश्यक है। यदि सुरक्षित हो तो बिजली एवं गैस आपूर्ति बंद की जाए तथा आग के प्रकार के अनुसार उपयुक्त अग्निशामक यंत्र का प्रयोग कर आग की जड़ पर नियंत्रण किया जाए। धुएं से बचाव हेतु मुंह एवं नाक पर गीला कपड़ा रखकर झुकते हुए चलने की सलाह दी गई। गंभीर स्थिति में सुरक्षित निकासी मार्ग से स्थान खाली कर लिफ्ट का प्रयोग न करने एवं प्रशिक्षित अग्निशमन दल को तुरंत सूचना देने पर विशेष जोर दिया गया।

इसके साथ ही क्लोरीन गैस के रिसाव की स्थिति में उससे बचाव के सुरक्षित उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि क्लोरीन गैस के संपर्क में आने पर आंखों में तेज जलन एवं सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। ऐसी स्थिति में मुंह एवं नाक पर गीला रूमाल रखना चाहिए तथा हवा के विपरीत दिशा में जाना चाहिए। चूंकि क्लोरीन गैस हवा से भारी होती है और नीचे की ओर फैलती है, इसलिए नीची जगहों से दूर रहना चाहिए तथा संभव हो तो ऊंचे स्थान की ओर जाना चाहिए।

## पांच दिन में 4 डिग्री बढ़ा न्यूनतम पारा

# समूचे बैतूल अंचल में घने कोहरे से विजिबिलिटी 50 मीटर तक सीमित

**बैतूल।** न्यूनतम तापमान बढने से जिलेवासियों को भले ही कड़ाके की ठंड से मामूली राहत मिली हो, लेकिन वाहन चालकों के लिए घना कोहरा परेशानी का कारण बना हुआ है। सुबह के समय कोहरे की चादर के कारण विजिबिलिटी घटकर 50 मीटर तक रह गई, जिससे सडक़ पर चल रहे वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह के वक्त घने कोहरे के कारण हाईवे और शहर की सडक़ों पर वाहन रेंगते नजर आए। कम दृश्यता के चलते दुर्घटना की आशंका बनी रही, जिससे वाहन चालकों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी। बताया जा रहा है कि पिछले पांच दिनों में जिले के न्यूनतम तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 28 दिसंबर को रात का तापमान 8.5 डिग्री था, जो बढक़र अब 12.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। जबकि 2 जनवरी को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलता रहेगा।

# स्कूल बिल्डिंग निर्माण में हो रहा माचना से पानी चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के हमलापुर इलाके के सुभाष वार्ड में माचना नदी के नजदीक एक बहुमंजिला प्राइवेट इमारत का निर्माण हो रहा है। इस इमारत के निर्माण में माचना नदी के पानी का बेजा इस्तेमाल हो रहा है। यह पानी सफेद रंग के मोटे पाइप से चोरी किया जा रहा है। इसका एक वीडियो और फोटो भी वायरल हो रहा है। बारिश के बाद नदी के पानी को गर्मी के मौसम के लिहाज से सहेजा जाता है, ताकि गर्मी के मौसम में जल संकट के समय यह पानी जनता के काम आ सके, लेकिन माचना नदी के इस पानी का इस्तेमाल प्राइवेट बिल्डिंग के निर्माण में बेरोकटोक किया जा रहा है, लेकिन इस तरफ नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान ही नहीं है। जबकि इस बहुमंजिला इमारत के निर्माण में अब तक कई गैलन पानी लग चुका होगा। इमारत निर्माण स्थल के पास रह रहे लोगों ने बताया कि यहां पर स्कूल बन रहा है। किसका स्कूल बन रहा है ये ठेकेदार ही बता पाएंगे? बहरहाल माचना नदी से इस तरह निर्माण के लिए पानी चोरी होने से शहर की जनता को गर्मी के मौसम में जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। हर साल गर्मी के मौसम में नपा को लाखों रुपए खर्च कर पानी लेना पडता है। ऐसी स्थिति को देखते हुए नगर पालिका परिषद बैतूल के जिम्मेदार अधिकारियों को इस पर ध्यान देना चाहिए और माचना नदी से होने वाली पानी चोरी को रोकने की कार्रवाई की जानी चाहिए।

# मुलताई पुलिस ने की महाराष्ट्र राज्य परिवहन की बस बरामद



**मुलताई।** पुलिस की बड़ी कार्रवाई, महाराष्ट्र राज्य परिवहन की बस जप्त मुलताई। थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र राज्य परिवहन (एसटी) की बस को जप्त कर थाने लाया है। बताया जा रहा है कि विगत दिनों मुलताई थाना क्षेत्र अंतर्गत तेज रफ्तार एसटी बस ने एक दुर्घटना कारित की थी, जिसके बाद बस चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुलताई थाना पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ की और फरार बस की तलाश करते हुए महाराष्ट्र के अमरावती जिले से संबंधित बस को जप्त किया। जप्त की गई बस को विधिवत कार्रवाई करते हुए मुलताई थाना लाया गया है। इस मामले में अपराध क्रमांक 1063/25 के तहत धारा 281 बीएनएस में कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार, महिला प्रधान आरक्षक सोनू ठाकुर एवं आरक्षक प्रदीप कड़वे की अहम भूमिका रही।

## इंटैकवेल, डब्ल्यूटीपी, पेयजल टंकियों का किया निरीक्षण

# जलावर्धन योजना के वाल्व चैबरों की सफाई शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

नगरपालिका सारनी द्वारा जलावर्धन योजना के तहत शहरी क्षेत्र में बिछाई गई पाइप लाइन, सप्लाई के लिए निर्मित किए गए वाल्व चैंबर, पेयजल टंकियों समेत अन्य संरचनाओं की सफाई का काम शुरू कर दिया है। नगरपालिका की टीमों ने शनिवार इंटैकवेल, डब्ल्यूटीपी, पेयजल टंकियों, वाल्व चैंबरों का निरीक्षण किया। इनकी सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके अलावा नालों से गुजरी पाइप लाइनों के आस-पास भी सुधार कार्य किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने शुक्रवार शाम को उपयंत्रियों, जलप्रदाय शाखा के कर्मचारियों और अनुबंधित कंपनी लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग प्रा.लि. के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने जलावर्धन योजना के तहत शहरी क्षेत्र में पाइप लाइन, वाल्व चैंबरों से लीकेज बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चैंबर साफ और लीकेज रहित होने चाहिए। निर्देशों के बाद शनिवार सुबह से ही गठित दल के सदस्यों ने विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण किया। इसके तहत वार्ड 1 पेयजल टंकी, वार्ड 6, वार्ड 28, वार्ड 22, वार्ड 35 की पेयजल टंकियों का निरीक्षण किया गया। यहां वाल्वों से गंदगी साफ करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा तवा नदी पर स्थित इंटैकवैल एवं वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण कर स्वच्छता रखने के निर्देश दिए। उपयंत्री कमलेश पटेल ने बताया कि निर्देशानुसार सतत निरीक्षण प्रारंभ कर दिया गया है। सेनेटरी इंस्पेक्टर केके भावसार ने बताया कि नालों से गुजरी पाइप लाइनों एवं चैंबरों के आस-पास से सफाई का कार्य किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने आम नागरिकों से भी आग्रह किया है कि वे लीकेज अथवा अन्य समस्या की जानकारी सीधे नपा की जलप्रदाय शाखा को दे सकते हैं।

### सतत निरीक्षण के क्षेत्रवार दल गठन

जलावर्धन योजना के तहत ओवरहेड टैंक, पाइप लाइन, वाल्व चैंबरों के सतत निरीक्षण हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सारनी, पाथाखेड़ा एवं शोभापुर कॉलोनी क्षेत्रवार दलों का गठन किया है। इसके तहत सारनी क्षेत्र हेतु उपयंत्री रविंद्र वराठे, समय पाल सुनील सहारे, पाथाखेड़ा क्षेत्र के लिए उपयंत्री कमलेश पटेल, समयपाल गुरूस्वामी एरोलू एवं शोभापुर क्षेत्र के लिए उपयंत्री नितिन मीणा, समयपाल कमल बिहारे को आदेशित किया गया है।

## नगर पालिका चलाएगी जल स्रोत सफाई अभियान

# जल स्रोतों के रख-रखाव में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: नपाध्यक्ष वर्षा



**मुलताई।** नगर में शुद्ध पेयजल की गुणवत्ता को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। हाल ही में इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौत की घटना के बाद मुलताई नगर पालिका पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई है। इसी क्रम में नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा गढेकर ने नगर पालिका सभागृह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि पेयजल आपूर्ति से जुड़े जल स्रोतों के रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अध्यक्ष गढेकर ने कहा कि नगरवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना नगरपालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अधिकारी एवं कर्मचारी ठोस और प्रभावी कदम उठाते हुए दिखाई देने चाहिए। जारी प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष वर्षा गढेकर ने बताया कि नगर के सभी जल स्रोतों को साफ, सुरक्षित एवं उपयोग योग्य बनाए रखने के लिए कड़े निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) वीरेंद्र तिवारी को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने कहा कि सभी जल स्रोतों की नियमित सफाई कराई जाए, उनमें किसी भी प्रकार की गंदगी, अवरोध या प्रदूषण न रहने दिया जाए। साथ ही जल स्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने और अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए गए हैं। अध्यक्ष गडेकर ने स्पष्ट किया कि जल स्रोतों की देखरेख में किसी भी तरह की लापरवाही सामने आने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती बरतते हुए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो और भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति न हो। मुख्य नगरपालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने आश्वस्त किया कि नगर पालिका की टीम द्वारा शीघ्र ही नगर के सभी जल स्रोतों का निरीक्षण किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

## जिले में अब तक 2.65 लाख से अधिक फार्मर आईडी तैयार, योजना का लाभ लेने किया जा रहा जागरुक

# कृषि विभाग की योजनाओं में एग्रीस्टेक का उपयोग अनिवार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भारत सरकार द्वारा विकसित एग्रीस्टेक एक समग्र डिजिटल इकोसिस्टम है, जिसका उद्देश्य किसानों के लिए एक केंद्रीकृत डेटाबेस तैयार करना है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों की पहचान, भूमि अभिलेख, फसल विवरण जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ एकीकृत की जाती हैं, ताकि उन्हें ऋण, वैज्ञानिक सलाह, गुणवत्तापूर्ण बीज, बाजार तक पहुंच तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ सरलता से मिल सके। एग्रीस्टेक से कृषि मूल्य श्रृंखला को डिजिटल रूप से सशक्त करने के साथ-साथ कृषक हितैषी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और दक्षता भी सुनिश्चित होगी। भारत सरकार के एग्रीस्टेक कार्यक्रम को प्रदेश में भी प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। केंद्र की अपेक्षाओं के अनुरूप फार्मर आईडी निर्माण तथा डिजिटल क्रॉप सर्वे में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जिले में अब तक 2.65 लाख से अधिक फार्मर आईडी तैयार की जा चुकी हैं। कृषि विभाग द्वारा प्रमुख कृषक-उन्मुख योजनाओं के हितग्राही घटकों को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराते हुए एग्रीस्टेक से एकीकृत किया जा रहा है, जिससे किसानों को अपने गांव या मोबाइल फोन पर ही योजनाओं की जानकारी मिलेगी और बिना किसी कागजी कार्यवाही के आवेदन की सुविधा उपलब्ध होगी। इसी क्रम में शासन द्वारा खरीफ 2026 से सभी विभागीय हितग्राही मूलक कृषक-उन्मुख योजनाओं में सहायता/अनुदान के लिए फार्मर आईडी को अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत जिले में शत-प्रतिशत पात्र कृषकों की फार्मर आईडी बनाए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है, ताकि आगामी खरीफ मौसम से सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी रूप से किसानों तक पहुंचाया जा सके।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण संपन्न



**बैतूल।** कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में 17 दिसंबर से 31 दिसंबर तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान के अंतर्गत जिले के 14,640 पशुपालकों के घर-घर जाकर पशुपालन विभाग के विशेषज्ञों द्वारा पशुपालन से संबंधित आवश्यक एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। उप संचालक पशुपालन सुरजीत सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक सुधार लाना है। इसके लिए पशुपालकों को तीन प्रमुख स्तंभों नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य पर व्यापक रूप से जागरूक किया गया। पशु स्वास्थ्य के अंतर्गत सभी आवश्यक टीकाकरण कार्यों की जानकारी दी गई, वहीं पशु पोषण में कृमिनाशक औषधियों के उपयोग से पशुओं के पेट में मौजूद कृमियों के नाश पर बल दिया गया। साथ ही हरा चारा जैसे नेपियर घास, साइलेज, ज्वार, मक्का, चरी, बरसीम एवं लूसर्न खिलाने से दुधारू पशुओं के दूध उत्पादन में वृद्धि होने की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान पशुपालकों को बताया गया कि नस्ल सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में सेक्स्ड सॉर्टेड सीमन उपलब्ध है। पशुपालकों से अनुरोध किया गया कि वे इसी सीमन से नस्लवार कृत्रिम गर्भाधान कराएं। इससे नस्ल सुधार के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होती है और पशुपालकों को आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। उप संचालक डॉ. सुरजीत सिंह द्वारा पशुपालकों से संवाद के दौरान पशु नस्ल सुधार, पोषण, स्वास्थ्य एवं उससे होने वाले आर्थिक लाभों पर विस्तार से समझाइश दी गई। इस अवसर पर प्रगतिशील पशुपालक दिनेश खाडे भी निरीक्षण दल के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने गृह भेंट के दौरान उन्नत पशुपालन से आय एवं लाभ अर्जन के तरीकों पर पशुपालकों को प्रेरित किया।

## मांझी समाज का परिचय सम्मेलन 11 जनवरी को

**इटारसी।** निषादवंशीय मांझी समाज द्वारा 11 जनवरी 2026 रविवार को प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक राजधानी भोपाल के मानस भवन, पॉलीटेक्निक चौराहा में एक भव्य राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए एक उचित मंच प्रदान करना है।कल्याण समिति के पदाधिकारियों, संभाग प्रभारी कैलाश रायकवार और प्रभारी संतोष नोरिया ने जिले के सभी सामाजिक बंधुओं से विनम्र निवेदन किया है कि वे अपने विवाह योग्य पुत्र-पुत्रियों का अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में एकजुटता आती है और योग्य जीवनसाथी चुनने में आसानी होती है।

## कलमेशरा सरपंच चुनाव में जीते सुप्यार सिंह

**सोहागपुर।** सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कलमेशरा में गत दिनों सरपंच पद के चुनाव हुए थे। जिसमें सुप्यार सिंह ने जीत प्राप्त की है। शुक्रवार को सुप्यार सिंह को जीत का प्रमाण पत्र तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े ने दिया है। 1481 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें से सुप्यार सिंह को 720 तथा पूजा बाई अहिरवार को 523 मत प्राप्त हुए। इस तरह 197 मतों से सुप्यार सिंह विजयी हुए हैं।

### नीरज राजपूत मौत के मामले में जांच रिपोर्ट से परिवार असंतुष्ट

# न्याय की गुहार: इंसाफ के लिए अब हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगा मृतक नीरज का परिवार

शहर के दयाल मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल में इलाज के दौरान हुई नीरज राजपूत की मृत्यु के मामले में जिला स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट से असंतुष्ट होकर मृतक के पिता धनपाल सिंह राजपूत ने अब न्याय के लिए मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जाने का निर्णय लिया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

उल्लेनीय है कि जुलाई 2025 में एक कार दुर्घटना के बाद नीरज राजपूत को दयाल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही की वजह से नीरज की स्थिति बिगड़ी और अंततः उसकी जान चली गई। मामले में पिता की शिकायत पर कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा एक जांच समिति गठित की गई थी, जिसकी रिपोर्ट 9 दिसंबर 2025 को पेश की गई।

**जांच रिपोर्ट पर उठाए सवाल**

पीड़ित परिवार ने जांच समिति की रिपोर्ट को विरोधाभासी बताते हुए कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जहां एक ओर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने मानना था कि अत्यधिक रक्त बहने के कारण नीरज के गुर्दे फेल हो गए थे, वहीं जांच समिति की रिपोर्ट में ऑपरेशन और ड्रेसिंग की प्रक्रिया को सामान्य बताने की कोशिश की गई है। परिजनों का दावा है कि ऑपरेशन से पहले नीरज मल्टी ऑर्गन फेल्योर की स्थिति में नहीं था। रिपोर्ट में इस बात को स्पष्ट नहीं किया है कि अंगों ने काम करना कब और किन परिस्थितियों में बंद किया। पिता धनपाल सिंह का आरोप है कि जांच समिति ने रिपोर्ट देने में 5 महीने का लंबा समय लिया, लेकिन फिर भी कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को स्पष्ट नहीं किया गया। मृतक के पिता धनपाल सिंह राजपूत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अस्पताल प्रबंधन और जांच रिपोर्ट की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में है। उन्होंने सवाल किया कि अगर मरीज के महत्वपूर्ण अंगों ने काम करना बंद कर दिया था, तो उन्हें विशेषज्ञ के पास ले जाने की सलाह क्यों नहीं दी गई?

**अपनी ही बातों में फंसे डॉक्टर**

दरअसल 12 जुलाई को आईएमए की तरफ से दयाल अस्पताल का पक्ष रखने के लिए आयोजित पत्रकार वार्ता में स्वयं डॉ अचलेश्वर दयाल एवं डॉ अतुल सेठा ने यह बात कही थी कि भर्ती होने के बाद से ही पूरी रात नीरज के पैर से खून फव्वारे की तरह बह रहा था, जिसके चलते रात से ही उसे लगातार ब्लड यूनिट भी लगाए जा रहे थे। यह बात रिकॉर्डेड है। इसके पलट दयाल अस्पताल का बचाव करने के लिए कथित रूप से बनाई गई जांच रिपोर्ट के बिंदु क्रमांक 2 में यह बात लिखी गई है कि रात में नीरज राजपूत के घाव पर ज्यादा रक्तस्राव नहीं हुआ था। बल्कि सुबह ड्रेसिंग खोलने पर तेज रक्तस्राव हुआ था, जिसके चलते नीरज के पैर का ऑपरेशन किया गया। अब गौर करने वाली बात यह है कि पत्रकार वार्ता के दौरान कही गई बात सही है या फिर जांच रिपोर्ट में लिखी गई बात? संभवतः यह बिंदु न्यायालय में जांच का विषय बन सकता है।

**सीसीटीवी फुटेज हुई गायब ?**

मामले में नीरज की मौत के बाद थाना इटारसी की ओर से दयाल अस्पताल को इलाज के दौरान की सीसीटीवी फुटेज संभाल कर रखने का निर्देश दिया गया था। परंतु हरिभूमि को सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि सीएमएचओ द्वारा जांच के दौरान जब अस्पताल से रिकॉर्डिंग मांगी गई तो उन्होंने डिलीट होने की बात कही। इतने संवेदनशील और गंभीर हो मामले की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग डिलीट होना अपने आप में बड़ा सवाल है?

**इनका कहना है...**

हमें जिला स्तर की जांच से न्याय की उम्मीद नहीं दिख रही है, इसलिए हम जल्द ही हाई कोर्ट में याचिका दायर करेंगे।

**धनपाल सिंह, मृतक नीरज राजपूत के पिता**

## तिलकसिंदूर में बड़ा हादसा टला, रात के अंधेरे में धराशायी हुए बिजली के खंभे



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल तिलक सिंदूर प्रांगण में बीती रात एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। रात लगभग 3 बजे अज्ञात कारणों से बिजली के खंभे अचानक टूटकर गिर गए। गनीमत रही कि जिस वक्त यह घटना हुई, वहां मौजूद दुकानदार बाल-बाल बच गए, वरना कोई बड़ी जनहानि हो सकती थी।

**सुविधाओं का अभाव और प्रशासन की बेरुखी:** स्थानीय समिति का कहना है कि तिलक सिंदूर में बिजली, पानी और शौचालय जैसी मूलभूत समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। समिति ने पूर्व में कई बार एसडीएम को लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराया है कि परिसर में एक स्थायी ट्रांसफार्मर लगाया जाए, ताकि बिजली की व्यवस्था सुदृढ़ हो सके। इसके अलावा, गार्डन के रखरखाव के लिए एक सुरक्षाकर्मी और माली की भी मांग की गई है ताकि क्षेत्र हरा-भरा और सुरक्षित रह सके।

**वसूली में आगे, विकास में पीछे:** क्षेत्रीय जनता और दुकानदारों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक अमला हर साल महाशिवरात्रि मेले के दौरान दुकानदारों और जनता से भारी वसूली करता है। वसूली गई इस राशि का उपयोग विकास कार्यों में नहीं किया जा रहा है। जनता द्वारा दिए गए टैक्स और शुल्क के बदले उन्हें जर्जर व्यवस्थाएं और असुरक्षित माहौल मिल रहा है। **तत्काल कार्रवाई की मांग:** हादसे के बाद दुकानदारों ने बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। साथ ही प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था नहीं सुधारी गई और मूलभूत सुविधाएं मुहैया नहीं कराई गईं, तो भविष्य में किसी भी अनहोनी की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी

## हिंदू सम्मेलन में विचार हिंदुत्व केवल धर्म नहीं, बल्कि एक जीवनशैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

संघ शताब्दी वर्ष अभियान के अंतर्गत नगर की माधव बस्ती में हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित नर्मदापुरम विभाग प्रचार प्रमुख संतोष नौरिया ने हिंदुत्व की व्यापकता पर प्रकाश डाला।श्री नौरिया ने कहा कि हिंदुत्व केवल एक धर्म नहीं, बल्कि एक गहन सांस्कृतिक चेतना और जीवनशैली है, जो हजारों वर्षों से समाज का मार्गदर्शन कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस ने पंच परिवर्तन के सिद्धांतों का पालन करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का सामूहिक संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि कथा वाचक उदित दुबे उपस्थित रहे। आयोजन का नेतृत्व नगर संयोजक एवं सह-संयोजक मेघा बैरा ने किया। भारत माता के पूजन और आरती के पश्चात सभी उपस्थित समाजजनों ने सहभोज में भाग लिया, जो सामाजिक एकता का प्रतीक बना। सम्मेलन में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने सहभागिता की।

## तवानगर में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू, विजेता को 21,000 पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

खेल प्रेमियों के लिए उत्साह का केंद्र बने स्थानीय बढ़ मैदान पर क्रिकेट महाकुंभ का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस भव्य प्रतियोगिता का उद्घाटन मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पं पीयूष शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और नगर के खेल प्रेमी मौजूद रहे। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पं. पीयूष शर्मा ने खेल भावना को सर्वोपरि बताया। उन्होंने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि, तवानगर की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए तैराकी संघ 10 से 14 वर्ष के बच्चों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करेगा, ताकि वे भविष्य में राज्य स्तर पर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर सकें। आयोजन समिति ने टूर्नामेंट को रोमांचक बनाने के लिए आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की है। विजेता टीम को 21,000 रुपए नकद एवं ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 11,000 रूपये नकद एवं ट्रॉफी मिलेगी।

## न्यास कॉलोनी की गंदे पानी की समस्या पर हुआ एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

न्यास कॉलोनी में पिछले एक वर्ष से दूषित पानी की आपूर्ति का मामला तूल पकडऩे के बाद नगर पालिका ने एक्शन लिया है। वार्ड पार्षद एवं सभापति अमृता मनीष ठाकुर ने इंदौर की जल त्रासदी का हवाला देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कड़ा पत्र लिखा तो शनिवार को नगर पालिका का अमला हरकत में आया।

श्रीमती ठाकुर ने पत्र में चेतावनी दी थी कि यदि जर्जर पाइप लाइन के कारण कोई जनहानि होती है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी। उन्होंने प्रशासन द्वारा टेंडर और तकनीकी बहानेबाजी कर काम टालने पर कड़ा रोष व्यक्त किया था। पत्र का संज्ञान लेते हुए आज नगर पालिका की टीम ने बम बाबा दरबार क्षेत्र का निरीक्षण किया। जांच में आधा दर्जन घरों में गंभीर रूप से गंदे पानी की समस्या पाई गई।

सब इंजीनियर आदित्य पांडेय ने



बताया कि दूषित पानी के स्रोत लीकेज पॉइंट को फिलहाल कट कर दिया गया है। चूंकि पुरानी पाइप लाइन घरों के भीतर से गुजरी है, इसलिए वहां मशीन ले जाना संभव नहीं है।

निर्णय लिया है कि अगले 3 से 4 दिनों में ऊपर से नई पाइप लाइन बिछा दी जाएगी। इस अवधि के दौरान प्रभावित क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा टैंकरों के माध्यम से स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। नागरिकों ने प्रशासन से इस कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने की मांग की है।

## सोहागपुर शहर में बिगड़ी पेयजल वितरण व्यवस्था से नाराज़ शहरवासी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

कॉलेज वाले पंप हाउस से मंगल भवन वाली नगर परिषद की टंकी से जुड़ी पाइपलाइन में बड़ा लीकेज होने से नागरिक दो दिन से परेशान हैं। क्योंकि लीकेज से रिसते पानी से स्टेट हाईवे पर बहुत अधिक मात्रा में गंदे पानी का भराव हो गया है। तथा नागरिकों एवं आवाजाही के वाहनों में आते-जाते यात्रियों को अत्यधिक परेशानी हो रही है। क्षेत्रवासियों ने सुधार की मांग नगर परिषद से की है।

**बंद करो फर्जी बिल बनाना- शर्मा**

मामले में कांग्रेस नेता व क्षेत्रीय शायर जलज शर्मा ने सोशल मीडिया पर विरोध जताते हुए वीडियो पोस्ट किया है। शर्मा के अनुसार दो तीन दिन से पानी का रिसाव हो रहा है। जिससे बिजली और पानी दोनों की हानि हो रही है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के लोग फर्जी बिल बनाना छोड़ें, सत्ता की खुमारी त्यागें तथा जनता के हित में काम करें। शर्मा ने जल बहाव और जल संकट पर आपत्ति जताई है।

## एंजल मसीह का अंडर-19 नेशनल फुटबॉल टीम में चयन, इम्फाल में करेंगी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम जिले के इटारसी की होनहार फुटबॉल खिलाड़ी एंजल मसीह डॉली ने एक बार फिर खेल जगत में शहर का नाम रोशन किया है। एंजल का चयन आगामी अंडर-19 स्कूल नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश की टीम में हुआ है। वह मणिपुर की राजधानी इम्फाल में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय टूर्नामेंट में प्रदेश की ओर से मैदान में उतरेंगी।

तीसरी बार खेलेंगी नेशनलन्यू यार्ड निवासी स्वर्गीय राकेश मसीह की सुपुत्री एंजल के करियर की यह तीसरी बड़ी उपलब्धि है। यह उनका तीसरा नेशनल टूर्नामेंट होगा, जो उनकी निरंतरता और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। एंजल रेलवे बॉयज फुटबॉल क्लब की नियमित खिलाड़ी हैं और अपनी कड़ी मेहनत के दम पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। प्रतियोगिता 22 से 28 जनवरी तक इम्फाल, मणिपुर में होगी।



एंजल की इस उपलब्धि पर स्थानीय खेल प्रेमियों और फुटबॉल संघ ने खुशी जाहिर की है। रेलवे बॉयज क्लब के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी, सचिव देवेंद्र खाड़े और जिला फुटबॉल संघ के सचिव दीपक परदेसी ने इसे शहर के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।वरिष्ठ खिलाड़ी यशवंत पांडव, संजय धपत, शेख लतीफ, राजेश बिलिया, उद्धव राजपूत, रविंद्र चौधरी सहित क्लब के सभी खिलाड़ियों और पदाधिकारियों ने एंजल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और टीम की जीत की कामना की है।

## निरीक्षण: नपाध्यक्ष चौरे ने किया वार्डों के विकास कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने शनिवार को शहर के विभिन्न वार्डों का सघन दौरा कर निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण किया। विकास कार्यों की गुणवत्ता और समय सीमा को लेकर अध्यक्ष श्री चौरे गंभीर नजर आए।सबसे पहले उन्होंने वार्ड क्रमांक 06 पहुंचकर विधायक निधि से निर्मित नाली का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पार्षद जिम्मी कैथवास, राहुल प्रधान एवं ठेकेदार शुभम पटेल उपस्थित रहे। यह नाली मुख्य रोड किनारे बन रही है। नपाध्यक्ष चौरे वार्ड क्रमांक 02 पहुंचे, जहां उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत की उपस्थिति में विधायक निधि से बन रही 90 मीटर सड़क के निर्माण कार्य का जायजा लिया।



अंत में वार्ड क्रमांक 21 में पुलिया निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और ठेकेदार को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने स्थानीय निवासियों से भी संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं।

## कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने किया मानव जनजाति व राज्य संग्रहालयों का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। इस भ्रमण में महाविद्यालय की 24 छात्राओं ने सहभागिता की। प्राचार्य डॉ. आर. एस. मेहरा ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं के ज्ञानवर्धन एवं व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं।

शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत छात्राओं ने भोपाल स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, जनजातीय संग्रहालय एवं राज्य संग्रहालय का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान छात्राओं को भारत की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, मानव विकास की प्रक्रिया, लोकजीवन, ऐतिहासिक धरोहरों तथा सांस्कृतिक



विविधता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुईं। संग्रहालयों में प्रदर्शित सामग्री ने छात्राओं की शैक्षणिक समझ को और अधिक सुदृढ़ किया।

यह शैक्षणिक भ्रमण स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी स्नेहांशु सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

भ्रमण के दौरान महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य डॉ. मुकेश बिष्ट, रविंद्र चौरसिया, नीतू अहिरवार एवं डॉ. नेहा सिकरवार भी उपस्थित रहे, जिनके सहयोग से भ्रमण सुचारु एवं अनुशासित रूप से संपन्न हुआ।

### वन विभाग एक जनवरी से 15 फरवरी तक चलाएगा 'ऑपरेशन वाइल्ड ट्रेप 2'

# 11 वर्षों में अवैध शिकार के 933 प्रकरणों पर प्रधान वन संरक्षक मप्र ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख मप्र वीएन अंबाडे ने मध्य प्रदेश में 11 वर्षों में हुए अवैध शिकार मामले में चिंता जताई है। उन्होंने वर्ष 2025 के अंतिम दिवस वन विभाग अधिकारियों को पत्र लिखकर ऑपरेशन वाईल्ड ट्रैप 2 संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

अंबाडे ने 31 दिसंबर 2025 को पत्र क्रमांक 708476 सभी मुख्य वन संरक्षकों, टाइगर रिजर्व एवं राष्ट्रीय उद्यान के क्षेत्र संचालकों, वन विकास निगम क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधकों, वन मंडल अधिकारियों एवं वन विकास निगम के संभागीय प्रबंधकों को प्रेषित किया है। जिसमें उल्लेख है कि



वन्यजीव एवं वन संपदा की दृष्टि से संपन्न मध्य प्रदेश में नौ टाइगर रिजर्व, 63 सामान्य वन मंडल तथा 11 परियोजना मंडल हैं। वन्यजीव संपदा के ह्रास या विनाश के मुख्य कारकों में से एक कारक है अवैध शिकार। इन अवैध शिकारों की प्रक्रिया में प्रचलित तरीकों में फंदा या विद्युत करंट लगाना एवं लेग होल्ड ट्रैप, खटका वे साधन हैं जो कम जोखिम एवं बिना विशेष तकनीक के आसानी से उपलब्ध होते हैं।

**बडे जानवर भी बन रहे है शिकार...**

शिकारी अधिकतर इन्हीं का उपयोग करते हैं। ये तरीके छोटे वन्यजीवों के लिए उपयोग में लाए जाते हैं, लेकिन इससे बाघ, तेंदुआ, हाथी, भालू आदि जैसे बड़े वन्यजीव भी शिकार हुए हैं। जिससे एक जनवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक ऑपरेशन वाईल्ड ट्रैप 2 के तहत कार्रवाई की जाए। ऑपरेशन में प्रति सप्ताह कार्रवाई की जानकारी प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख मप्र को भेजी जाए। उत्कृष्ट ऑपरेशन दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली क्षेत्रीय इकाइयों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

**शिकारों पर चिंता**

पत्र में अंबाडे ने उल्लेख किया है कि विभागीय वेब पोर्टल में दर्ज अवैध शिकार प्रकरणों का विश्लेषण चिंताजनक है। विश्लेषण अनुसार 2014 से 2025 तक फंदे एवं विद्युत लाइन में तार बिछाकर शिकार से संबंधित कुल 933 प्रकरण दर्ज हुए हैं। जिनमें 322 जंगली सूअर, 118 नीलगाय, 101 तेंदुए, 82 चीतल, 50 सांभर, 36 भालू, 39 राष्ट्रीय पशु बाघ एवं 17 राष्ट्रीय पक्षी मोर व अन्य वन्यप्राणियों की मृत्यु हुई है। जो कि गंभीर एवं खेद का विषय है। ऑपरेशन वाइल्ड ट्रेप 2 को गंभीरता से संचालित करने के निर्देश अधिकारी ने दिए हैं।

## मयूर जायसवाल से मिले जीतू पटवारी



**इटारसी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल से मुलाक़ात करने उनके कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष रविकिशोर जायसवाल सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। श्री पटवारी ने मौजूद युवाओ से मुलाकात करते हुए कहा कि आने वाला समय युवाओं का है। मै युवाओ के साथ हमेशा खड़ा हुं। सभी मेहनत मे लगे रहे आने वाले चुनाव मे हमारी सरकार बनना तय है।


**कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला - नर्मदापुरम् (म.प्र.)**
**Municipal Council Pipariya Distt.- Narmadapuram**

पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरिया पिन-461775, फोन नं. 07676-222041
E-mail - cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक/न.पा./राजस्व/2025/871 पिपरिया, दिनांक :- 02/01/2026

// द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं व्यावसायियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वामित्व के पुराना गल्ला मंडी में गजेन्द्र यादव के सामने वाली भूमि पर निर्माणधीन दुकानों के प्रथम तल की छत नीलामी के लिये निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है विवरण तालिका में वर्णित है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | प्रा. राशि | धरोहर राशि | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_ 472947_1 | पुराना गल्ला मंडी में गजेन्द्र यादव के सामने वाली भूमि पर निर्मित दुकानों की छत नीलामी हेतु। | 86.99 Lakh | 65250/- | 10000/- रु प्लस जीएसटी |

// समय तालिका //

| क्रमांक | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | टेंडर फार्म लेने की तिथि | 03.01.2026 10:30 AM |
| 2 | टेंडर फार्म लेने एवं दर लिये जाने की अतिम तिथि | 19.01.2026 17:30 PM |
| 3 | प्रपत्र, इत्यादि का लिफाफा ए खोलने की तिथि | 21.01.2026 10:30 AM |
| 4 | निविदा दर खोले जाने की तिथि | Will be provided later |

नोट:- 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के सशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिपरिया

## खबर संक्षेप

### आज से शुरू होगा स्वदेशी मेला

**हरदा।** स्वदेशी मेला का शुभारंभ आज मिडिल स्कूल ग्राउंड परिसर में बृज की कलाकारों द्वारा अध्यात्म से परिपूर्ण प्रस्तुति राधा कृष्ण जी के विवाहोत्सव की झलकियों से होगा।इस कार्यक्रम को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए आयोजन समिति ने व्यापक तैयारियां विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर की है। इसमें विशेष आकर्षण श्री राधाकृष्ण का बना रहेगा। जो कि बाजे गाजे घोड़ा बग्गी में नार्मदीय धर्मशाला से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए मिडिल स्कूल ग्राउंड पर समाप्त होगा। शुभारंभ के मंचीय कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर एवं स्वदेशी मेला प्रांतीय समन्वयक सुधीर दातेविशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। स्थानीय स्तर पर मंच की शोभा अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री कमल पटेल, अतुल गोविंद भुस्कुटे एवं रामदीन पटेल एवं अन्य गणमान्य नागरिक रहेंगे।

### जिले के कई इलाकों में आज बंद रहेगी बिजली

**हरदा।** जिले में रविवार 4 जनवरी को विद्युत संधारण कार्य के चलते कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत वितरण कंपनी ने 33 केवी और 11 केवी फीडरों पर आवश्यक रखरखाव कार्य के लिए दो शिफ्टों में प्लान शटडाउन तय किया है, जिससे कुछ इलाकों में 4 घंटे तो कुछ क्षेत्रों में 9 घंटे तक बिजली बंद रहेगी। विद्युत कंपनी के जेई राकेश सिलोरे ने बताया कि हरदा संभाग अंतर्गत 4 जनवरी, रविवार को 33 केवी और 11 केवी लाइनों पर अति आवश्यक संधारण कार्य किया जाना है। इसी कारण यह प्लान शटडाउन निर्धारित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 33 केवी अबगांवखुर्द और हंडिया फीडरों पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इन क्षेत्रों में कुल 4 घंटे की कटौती की जाएगी। वहीं 11 केवी के कई फीडरों पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इन क्षेत्रों में लगातार 9 घंटे का शटडाउन रहेगा। शटडाउन के दौरान निमाचा डीएलएफ, रेलवा, मक्तपुरा, डीएलएफ गोला, डीएलएफ टिनसर, डीएलएफ उवा, धुरवाडा, ऐडाबेडा, कायागांव डीएलएफ, जेल, बारगी, सेमल्या डीएलएफ, शक्तिमाता और डीएलएफ सालाबेड़ी फीडरों से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इन 11 केवी फीडरों से जुड़े कुल 15 फीडरों के अंतर्गत आने वाले इलाकों में लंबे समय तक बिजली बाधित रहने की संभावना है। जेई राकेश सिलोरे ने बताया कि संधारण कार्य की प्रगति के अनुसार शटडाउन की अवधि को आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है।

### पतंगें बिजली लाइनों से दूर उड़ाने की अपील

**सीहोर।** नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर आने वाले मकर संक्रांति के त्यौहार में बिजली कंपनी ने पतंगबाजी को बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर रखने की अपील की है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने बताया कि पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट हो सकता है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है। प्रबंध संचालक ने स्पष्ट किया कि पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि पतंगबाजी करते समय सावधानी बरतें और लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पोल से दूर पतंग उड़ाएं, ताकि मकर संक्रांति का त्यौहार सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। कंपनी ने यह भी चेतावनी दी है कि बिजली के तारों या पोल में फंसी पतंग को निकालने का प्रयास न करें। इसके अलावा, गिल्ली डंडे का खेल भी बिजली की लाइनों और डीपी से दूर खेलने का अनुरोध किया गया है, ताकि दुर्घटना से बचा जा सके और विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा न उत्पन्न हो।

#### कृषि विभाग के अधिकारियों ने गेहूं व चना फसल का निरीक्षण कर दी सलाह

# ठंड में पाला पड़ने की संभावना हो तो शाम या रात को हल्की सिंचाई करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

उपसंचालक कृषि जवाहरलाल कास्दे, सहायक संचालक डॉ. भागवत सिंह सोलंकी, बी टी एम टिमरनी डॉ श्रीचंद जाट ने शासकीय कृषि प्रक्षेत्र पानतलाई एवं ग्राम के अन्य किसानों के खेतों का दौरा किया। इस दौरान उन्होने किसान सुशील गुर्जर के यहां चना एवं गेहूं फसल का निरिक्षण करते हुए फसल की स्थिति का जायजा लिया।

चना फसल को ठंड से बचाने के लिए किसान को अधिक ठंड के समय जब पाला पड़ने की संभावना हो, तो शाम या रात के समय हल्की सिंचाई करने की सलाह दी। मिट्टी में नमी होने से तापमान स्थिर रहता है और जमीन की गर्मी लंबे समय तक बनी रहती है, फूल आने और फल बनने की अवस्था में चना पाले के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होता है, इसलिए इस दौरान नमी बनाए रखना अनिवार्य है। इस दौरान किसान को मेड़ो पर शाम को खेत की उत्तर-पश्चिमी दिशा जिधर से ठंडी हवा आती है, पर घास-फूस या कचरा जलाकर धुआं करने की सलाह दी गई। धुएं की परत ह्यग्रीनहाउस प्रभावह्व पैदा करती है, जो गर्मी को रोककर खेत के तापमान को 2-3 डिग्री तक बढ़ा देती है।

#### सिंचाई व धुआं करने में असमर्थ है तो वह सल्फर का छिड़काव

निरीक्षण के दौरान सलाह दी गई कि यदि किसान सिंचाई एवं धुआं करने में असमर्थ है तो वह सल्फर (गंधक) का छिड़काव 0.1 प्रतिशत गंधक के घोल अर्थात 1 लीटर गंधक को 1000 लीटर पानी में मिलाकर का छिड़काव पाले से सुरक्षा प्रदान करने हेतु कर सकता है। यह छिड़काव लगभग 15 दिनों तक प्रभावी रहता है। किन्तु फसल में फूल आ चुके हों, तो अनावश्यक भारी सिंचाई या रसायनों के अनियंत्रित उपयोग से बचें क्योंकि इससे फूल झड़ने की समस्या हो सकती है। निरीक्षण के दौरान शासकीय कृषि प्रक्षेत्र की फसल का अवलोकन करते हुए ब्रीड गेहूं किस्म एचआई 1650 एवं चना की आरवीजी 204 किस्म का अवलोकन किया गया। साथ में प्राकृतिक खेती के क्षेत्र का अवलोकन कर समसामयिकी फसल की चर्चा की गई। इस दौरान प्राकृतिक फसल में जीवामृत का स्प्रे एवं निदाई गुड़ाई कर फसल को स्वस्थ बनाए रखने एवं किसान भाइयों को जीवंत प्रदर्शन का अवलोकन कराकर प्राकृतिक खेती हेतु प्रेरित करने के प्रयास किए जाने के बारे में निर्देश दिए गए। इस दौरान गांव के किसान सुशील मणिशंकर गौर, संतोष गौर, रामस्वरूप गौर आदि उपस्थित रहे।

## पेयजल गुणवत्ता और गंदे पानी की शिकायतों से सख्ती से निपटें: कलेक्टर

जिले में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और गंदे पानी से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण को लेकर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि नगर पालिका क्षेत्रों में जिन-जिन ट्यूबवेल और बोरिंग के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, उन सभी जलस्त्रोतों से तत्काल जल-नमूने संग्रहित किए जाएं। इन नमूनों को अनिवार्य रूप से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अथवा एफएसएसएआई या अन्य मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में परीक्षण हेतु भिजवाया जाए, ताकि पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को बुलाकर नगर पालिका क्षेत्रों में गंदे पानी से जुड़ी सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त सभी शिकायतों की संयुक्त समीक्षा करें। समीक्षा के दौरान अधिकारियों को स्वयं शिकायतकर्ताओं से संवाद कर यह सुनिश्चित करना होगा कि गंदे पानी से संबंधित कोई भी शिकायत लंबित न रहे और सभी प्रकरणों का संतोषजनक निराकरण किया जा चुका हो। कलेक्टर श्री जैन ने स्पष्ट किया कि आमजन को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### हितग्राहियों का चयन जैसे विषयों पर चर्चा की गई

## जिपं सीईओ ने ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजली जोसेफ ने जिला पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में डिजिटल आजीविका रजिस्टर, स्वयं सहायता समूह की लोकोस एंट्री, समूहों का बैंक लिंकेज, जैविक कृषि, एक बगिया मां के नाम के हितग्राहियों का चयन जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जोसेफ ने विकास खण्ड हरदा और टिमरनी की कम प्रगति होने के कारण विकासखण्ड हरदा के अमले का एक दिन का वेतन कटौत्रा करने एवं विकासखंड टिमरनी के अमले को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक रामनिवास कालेश्वर उपस्थित रहे।

#### नियमित रूप से साप्ताहिक हाट बाजार का संचालन किया जाएगा

## पंचायत बालागांव में साप्ताहिक हाट बाजार का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले के ग्राम बालागांव में साप्ताहिक हाट बाजार का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं फीता काटकर किया गया। सरपंच, सचिव एवं जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयास से अब गांव में ही नियमित रूप से साप्ताहिक हाट बाजार का संचालन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव रेवाराम शर्मा ने बताया कि हाट बाजार लगने से ग्रामीणों को दैनिक जरूरतों की वस्तुएं खरीदने में बड़ी सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से निम्नवर्ग के ग्रामीणों को छोटी-छोटी वस्तुओं के लिए किराया खर्च कर शहर नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि सभी आवश्यक सामान अब गांव में लगने वाले हाट बाजार में ही उपलब्ध हो सकेंगे। हाट बाजार के शुभारंभ अवसर पर सरपंच क्षमा सेजकर, हरदा जनपद उपाध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र भाटी, सचिव रेवाराम शर्मा, सहायक सचिव दिलीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बालेश्वर धाम ग्राम बालागांव में आज से रामलीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

बालागांव में रामलीला महोत्सव लगभग 100 वर्षों से अधिक समय से निरंतर परंपरागत रूप से आयोजित किया जा रहा है। धार्मिक आस्था, सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक परंपराओं को संजोए रखने वाली यह ऐतिहासिक परंपरा आज भी पूरे उत्साह और भव्यता के साथ जीवित है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी श्री शिवशक्ति नव युवक रामलीला मंडल के तत्वावधान में 4 जनवरी से 12 जनवरी तक भव्य रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। शंकर मंदिर में आयोजित इस आयोजन में ग्रामवासियों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमीजन बड़ी संख्या में सम्मिलित होते हैं। महोत्सव के दौरान भगवान श्रीराम, सीता माता, लक्ष्मण जी एवं विभिन्न पात्रों की लीलाओं का मंचन किया जाएगा, जो न केवल मनोरंजन का माध्यम है बल्कि जीवन मूल्यों, धर्म और मर्यादा का संदेश भी देता है। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री शंकर विवाह लीला से होगा। इसके पश्चात प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। जिनमें श्री रामजन्म, पुष्प वाटिका, धनुष यज्ञ, परशुराम संवाद, श्री राम वनवास, केवट प्रसंग, दशरथ मरण, श्रीराम-भरत मिलन, सीता हरण, सुग्रीव-मित्रता, लंका दहन तथा अंतिम दिवस श्री लक्ष्मण शक्ति और राज्याभिषेक जैसे प्रमुख प्रसंग शामिल हैं।

## रामलीला में सीता हरण व जटायु मोक्ष का मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




क्षेत्र के ग्राम फुलडी में श्री आदर्श रामलीला मंडल फुलड़ी समिति द्वारा सीता हरण का संवाद का मंचन युवाओं द्वारा बखूबी निभाया गया। इसका लगती ठंड में भी दूर दराज से आसपास के क्षेत्र के लोगों का रामलीला देखने जन सैलाब उमड़ा। जब श्रीराम लक्ष्मण और सीता सहित चित्रकूट में अपनी कुटिया बनाकर रह रहे थे।तभी एक दिन वहाँ से रावण की बहन सूर्पणखा आकाश की ओर से जा रही थी।

उसकी नजर श्रीराम व लक्ष्मण पर पड़ी। वह उन्हें देखकर उन पर मोहित हो गई और सुन्दर स्त्री का रूप धारण कर उनके समक्ष जाकर उनसे विवाह का प्रस्ताव रखने लगी। तब श्रीराम ने मना करते हुये कहा कि- मैं तो विवाहित हूँ और आजीवन दूसरा विवाह न कर सकने के लिये प्रतिज्ञाबद्ध हूँ। तुम लक्ष्मण से बात करो।₹ फिर वह लक्ष्मण के समीप जाकर विवाह प्रस्ताव रखने लगी तो उन्होंने भी इनकार कर दिया। इस पर वह गुस्से में सीता पर प्रहार करने लगी। तभी लक्ष्मण ने माता सीता को उससे बचाते हुये उसकी नाक काट दी थी।सूर्पणखा रोते हुये रावण के पास गयी और वहाँ जाकर सब बात बतायी। तब रावण ने गुस्से में 'सीता हरण' की योजना बनाते हुये मारीच राक्षस को वहाँ सुन्दर हिरण के रूप में भेजा।

हिरण को देखकर सीता ने राम को उस हिरण को लाने को कहा। सीता को अकेले ना छोड़ने का आदेश लक्ष्मण को देकर राम हिरण पकड़ने चले गए। जैसे ही राम का बाण हिरण बने मारीच को लगा, उसने ने राम की आवाज़ में लक्ष्मण और सीता को पुकारा। राम की आवाज़ सुनकर सीता ने लक्ष्मण को राम की मदद के लिए जाने का आदेश दिया। सीता की आज्ञा सुन, लक्ष्मण ने सीता को 'लक्ष्मण रेखा' में सुरक्षित किया और राम की मदद को चल दिए। तभी साधु का रूप धरकर रावण भोजन लेने सीता की कुटिया के पास आ पहुँचा और सीता से लक्ष्मण रेखा से बाहर आकर भोजन देने को कहा। जैसे ही सीता भोजन देने लक्ष्मण रेखा से बाहर आईं, रावण ने सीता का अपहरण कर लिया। राम ने लक्ष्मण को देखकर उनसे सीता को अकेले छोड़ आने का कारण पूछा। खतरे को भांपकर दोनों ने कुटिया की ओर दौड़ लगाई। सीता का अपहरण कर ले जा रहे रावण से जटायु ने सीता को बचाने के लिए युद्ध किया। कुटिया में सीता को ना पाकर राम, लक्ष्मण सीता को खोजने हेतु निकल पड़े। पुष्पक विमान से रावण द्वारा अपहरण कर ले जा रही सीता ने वानरों को देखकर अपने गहनों को धरती पर फेंकना शुरू कर दिया और अपना संदेश राम तक पहुँचाने का अनुरोध किया।

## कल से किसान संघ धरना प्रदर्शन करेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

भारतीय किसान संघ तहसील रहटगांव द्वारा कल 5 जनवरी से होने वाले अनिश्चित कालीन आंदोलन के लिए शनिवार को रहटगांव कृषि उपज मंडी में व्यवस्था बैठक रखी गई। जिसमें तहसील अध्यक्ष एवं तहसील प्रभारी ने सभी कार्यकर्ताओं को अपनी अपनी जबाव दारी सौंपी। इस दौरान बताया कि ज्ञापन के मुख्य विषय है जिसमें बीमा में हो रही लेटलतीफी, भावांतर में किसानों के साथ हो रहा छल। रहटगाँव तहसील में धान की खरीदी सीमा बढ़ाई जाए। सरकारी गोयों का सीमांकन रोवर मशीन से किया जाए। रहटगांव बड़ा एरिया है इसलिए यहां मुख्यालय के लिए एक आर की नियुक्ति की जाये क्योंकि वर्तमान आर आई के पास सोडलपुर हल्का होने के कारण रहटगांव हल्के के सीमांकन नहीं हो पा रहें हैं। नजरपुरा से झाड़ बीड़ा रोड का शीघ्र निर्माण कराया जाए। मोरनगंजाल डैम जल्द से जल्द बनाया जाए किया जाए।

## सीहोर लिखेगा स्वस्थ भविष्य की नई इबारत, गंभीर बीमारियां रहेंगी दूर

**सीहोर।** आज के आधुनिक युग में जब इंसान सुविधाओं के साथ-साथ अनेक बीमारियों का भी वारिस बनता जा रहा है, तब स्वस्थ जीवन की ओर लौटने का संदेश समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। तेज़ रफ्तार जीवन, तनाव, अनियमित खान-पान और निष्क्रिय दिनचर्या ने मनुष्य को अनेक असाध्य रोगों की ओर धकेल दिया है। इसी गंभीर स्थिति को बदलने और जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आरोग्य भारती जिला सीहोर द्वारा 3 जनवरी, शनिवार को प्रातः 10 बजे एक विशेष “स्वस्थ जीवन शैली” कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम हॉगवार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल, सीहोर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं मार्गदर्शक के रूप में लाइफस्टाइल स्पेशलिस्ट सतीश जी मंत्री (इंदौर) उपस्थित रहेंगे, जो अपने गहन अनुभव और सरल शब्दों में यह बताएँगे कि किस प्रकार हमारी दैनिक आदतें ही हमारे स्वास्थ्य की असली नींव होती हैं। वे विशेष रूप से ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग, मोटापा और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के व्यावहारिक उपाय साझा करेंगे।

आयोजन के संयोजक डॉ. गगन नामदेव, जिला संयोजक आरोग्य भारती एवं गिरिराज मित्र मंडल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि लोगों के मन में स्वास्थ्य के प्रति एक नई चेतना और संकल्प जगाना है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकता है, और जब समाज स्वस्थ होगा, तभी राष्ट्र भी समृद्ध बनेगा।